दिन– रविवार दिनांक– 08/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **खालिद रशीद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। अट्ठाईस स्वर्ण सहित कुल एक सौ सात पदक जीत कर भारत चौथे स्थान पर रहा।

02. मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने सत्तर प्रतिशत बाजरा वाले आटे पर जीएसटी को घटाकर शून्य प्रतिशत किया।

03. भारतीय वायु सेना आज अपना इक्यानवेवां स्थापना दिवस मना रही है। प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन।

04. और, लोक नायक जय प्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

———————————————

एशियाई खेलों में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अट्ठाईस स्वर्ण सहित कुल एक सौ सात पदक जीत कर भारत चौथे स्थान पर रहा। सुनते हैं एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में इस सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के लिए भारतीय खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए सभी एथलीटों को बधाई दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी इस उपलब्धि पर भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

———————————————

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की बावनवीं बैठक हुई। बैठक में श्रीमती सीतारामन ने कहा कि सत्तर प्रतिशत बाजरा युक्त आटा खुले में बेचे जाने पर उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। लेकिन अगर इसे पैक करके या लेबल लगाकर बेचा जाता है तो इस पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि परिषद ने शीरे पर जीएसटी अट्ठाईस

प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला लिया है, जिससे गन्ना किसानों को फायदा होगा।

———————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश से आतंकवाद को समूल नष्ट करने का समय आ गया है। उन्होंने देहरादून में अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस को संबोधित करते हुये कहा कि देश की प्रगति के लिए कानून–व्यवस्था और आंतरिक तथा सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाना जरूरी है। गृहमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में केन्द्र सरकार ने जम्मू–कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद वाले क्षेत्रों तथा पूर्वोत्तर में कानून व्यवस्था बेहतर बनाने का काम किया है।

———बाईट———

वामपंथी उग्रवादी क्षेत्र के अंदर घटती हिंसा के कारण वहां विकासगांव तक, व्यक्ति तक पहुंचने लगा है। हर गली, हर मोहल्ले में, हर गांव के अंदर स्वास्थ्य, शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर केनए युग का आगाज हुआ है और उत्तर पूर्व को भी शांति से जोड़ने में नरेन्द्र मोदी सरकारको सफलता मिली है।

———————————————————————

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि त्वरित कार्रवाई बल– आर ए एफ, कानून–व्यवस्था की स्थिति से निपटने की अपनी अनूठी शक्ति और क्षमता के कारण एक बेहतरीन बल बन गया है। नई दिल्ली में बल के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि देश–विदेश से प्राप्त कड़े प्रशिक्षण की बदौलत आर ए एफ भीड़ और दंगों से निपटने में सक्षम है। श्री राय ने कहा कि आर ए एफ ने जम्मू कश्मीर, मणिपुर और नूंह में हिंसक घटनाओं से निपटने में अपनी कुशलता का परिचय दिया है।

———————————————————————

वायु सेना आज अपना इक्यानवेवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में बमरौली वायुसेना केंद्र में शानदार परेड का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर वायुसेना अपना नया प्रतीक–चिह्न जारी करेगी। समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी समेत कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————

बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई ने एसआइटी का गठन किया है। एसआइटी का नेतृत्व मध्य प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे। वहीं, आईपीएस सुशील कुमार और पुलिस उपाधीक्षक स्तर के पांच, तेरह इंस्पेक्टर और दो अवर

निरीक्षक एसआइटी में शामिल किये गये हैं। आर्थिक अपराध इकाई को बाईस जिलों में दर्ज चौहत्तर मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद आयोग ने परीक्षा रद्द कर दी थी और दो अन्य तिथियों की परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया था।

———————————————————————

भाजपा ने सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को मुआवजा देने की सरकार से मांग की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए और केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाना चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————

सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। पटना के जे.पी. गोलम्बर के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया है, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जे.पी. की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहीं, कदमकुआं स्थित जयप्रकाश नारायण के आवास पर चरखा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जयप्रकाश नारायण ने भ्रष्टाचार मुक्त और मूल्य आधारित शासन प्रणाली को बढ़ावा दिया। उन्होनें भूदान आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी।

———————————————————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय में अमृत वाटिका का उद्‌घाटन किया। यह अमृत वाटिका बरौनी स्थित रिफाईनरी टाउनशिप में बनायी गयी है। इंडियन ऑयल ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर फंड से इसका निर्माण कराया है। इधर, प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें नेहरू युवा केन्द्र संगठन, एनएसएस, सीआरपीएफ, एसएसबी और अन्य केन्द्रीय बलों के जवान हिस्सा ले रहे हैं।

———————————————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ बाईस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ अठहत्तर नए मामले मिले हैं। इधर, मुजफ्फरपुर में उन्नीस, सारण में सत्रह, वैशाली में पन्द्रह ओर बेगूसराय में बारह

नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में अब तक साढ़े आठ हजार लोग डेंगू से संक्रमित हुये हैं। इधर, डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए पटना एम्स में तीस बेड वाला विशेष वार्ड बनाया गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सी.एम. सिंह ने बताया कि यदि मरीजों की संख्या बढ़ती है तो आगे भी बेड की संख्या बढ़ायी जायेगी।

———बाईट———

——————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी द्वारा चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जिला मुख्यालयों में दिया जायेगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक ने सभी जिलाधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि नियुक्ती पत्र वितरण और स्कूल आवंटन के लिए दो अलग—अलग आयोजन स्थल चिन्हित किया जाये। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक आधार पर सत्यापन के बाद ही सॉफ्टवेयर के माध्यम से नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

——————————————————————

निर्वाचन आयोग ने विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब राज्य में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन सत्ताईस अक्टूबर को किया जायेगा। पहले यह तिथि सत्रह अक्टूबर तय थी। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रारूप प्रकाशन से पहले मतदाता किसी प्रकार की अपत्ति  और दावों को लेकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही वोटर नाम जोड़ने, नाम में संशोधन, फोटो में बदलाव, पता सुधार के लिए आवेदन नौ दिसम्बर तक कर सकते हैं। राज्य में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को होगा। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सत्ताईस हजार स्थानों पर चुनावी पाठशालाएं लगाने की घोषणा की है।

——————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने कहा है कि प्रदेश की सरकारी जमीन की सूची बीस अक्टूबर तक ऑनलाईन कर दी जायेगी। विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी अपर समाहर्ताओं को इस संबंध में बैठक कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

——————————————————————

प्रदेश से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। इसके चलते मॉनसून की गतिविधियां कम हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों में बारिश में कमी आयेगी। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि बारिश में कमी आने से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एशियाई खेलों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है— एशियाड में बहत्तर साल में पहली बार पदकों की संख्या सौ के पार हुई, शतकवीर भारत की नजरें अब नागोया पर।

इसी खबर का प्रभात खबर ने शीर्षक लगाया है— एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम पल, झूम उठा भारत।

दैनिक जागरण की सुर्खी है— हमास के विरूद्ध इजरायल ने छेड़ा युद्ध।

दैनिक भास्कर ने एक सर्वे से प्राप्त आंकड़ों को सुर्खी बनाते हुये लिखा है— भारत में अमीरों का धन बीस साल में सोलह गुना बढ़ा लेकिन गरीबों का सिर्फ एक दशमलव चार प्रतिशत। आज अखबार ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को शीर्षक बनाते हुये लिखा है— महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में अदालत संवेदनशील हो। राष्ट्रीय सहारा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान का शीर्षक लगाया है— पचास साल में कोई भी कानून हो जाता है पुराना।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर.............

01. एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन। अट्‌ठाईस स्वर्ण सहित कुल एक सौ सात पदक जीत कर भारत चौथे स्थान पर रहा।

02. मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने सत्तर प्रतिशत बाजरा वाले आटे पर जीएसटी को घटाकर शून्य प्रतिशत किया।

03. भारतीय वायु सेना आज अपना इक्यानवेवां स्थापना दिवस मना रही है। प्रयागराज में भव्य परेड का आयोजन।

04. और, लोक नायक जय प्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।